चित्रकूट पुलिस

(1). "मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल के तहत जनपद के समस्त थानों की एन्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारो के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल- जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित

आज दिनांक 13.08.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा "मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत अपने-अपने थाना क्षेत्र में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का

अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

(2). आज दिनाँक 15.08.2026 को 80 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन चित्रकूट में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त पुलिस कर्मियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देकर सम्बोधित करते हुए कहा कि आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि जिस दिन हम अपने कर्तव्यों का शत-प्रतिशत निर्वहन करने लगेंगे, उस दिन हम अपने लक्ष्य के बहुत करीब होंगे। उन्होंने बल दिया कि यदि आज भी हमारे संकल्पों में कोई कमी रह गई है, तो यह आत्म-मंथन का समय है।

15 अगस्त केवल तिरंगा फहराने और मिठाइयाँ बाँटने का दिन नहीं है। यह वह अवसर है जब हमें देश की एकता, अखंडता और संविधान के प्रति अपनी निष्ठा को पुनः दोहराना है। स्वतंत्रता दिवस हमें यह याद दिलाता है कि राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक पुलिसकर्मी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों से आह्वान किया कि वे पूर्ण निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, जिससे जनपद में शांति एवं सुरक्षा का माहौल और सुदृढ़ हो सके।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिन पुलिस कर्मियों को विभिन्न प्रकार के प्रशस्ति पत्र मेडल प्रदान किया जा रहा है सभी को शुभकामनाएं देकर उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को प्रोत्साहित करते हुये कहा गया कि आप सभी भी इसी प्रकार से अच्छे कार्य करें जिससे अगली बार यह सूची दोगुनी हो जाये।

स्वतंत्रता दिवस-2026 के अवसर पर जनपद चित्रकूट में नियुक्त निम्न अधिकारियों/कर्मचारियों को ऑपरेशनल/ सेवाभिलेख के आधार पर पुलिस महानिदेशक, महोदय का प्रशंसा चिन्ह सिल्वर एवं प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है:-

1. पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती करिश्मा गुप्ता, क्षेत्राधिकारी कार्यालय/यातायात
2. उपनिरीक्षक 152767064 विवेक कुमार सिंह, थानाध्यक्ष बहिलपुरवा

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस 2026 के अवसर पर मुख्यालय यूपी-112 लखनऊ से जनपद चित्रकूट के पीआरवी कर्मियों को उनके द्वारा किये गये सराहनीय कार्य एवं रिस्पांस टाइम के आधार पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है।

1.	आ0 रविन्द्र प्रताप सिंह	कमाण्डर	7480	सराहनीय कार्य के आधार पर
2.	हो0गा0 राजकुमार	पायलट	7480	सराहनीय कार्य के आधार पर
3.	आ0 रोहित पटेल	कमाण्डर	8103	रिस्पांस टाइम के आधार पर
4.	आ0 शिवम तिवारी	कमाण्डर	8103	रिस्पांस टाइम के आधार पर
5.	आ0 धर्मेन्द्र दांगी	कमाण्डर	8103	रिस्पांस टाइम के आधार पर
6.	हो0गा0 प्रदीप कुमार	पायलट	8103	रिस्पांस टाइम के आधार पर
7.	हो0गा0 राजेश	पायलट	8103	रिस्पांस टाइम के आधार पर
8.	हो0गा0 दीनबंधु	पायलट	8103	रिस्पांस टाइम के आधार पर
9.	आ0 रोहित	कमाण्डर	5566	सराहनीय कार्य के आधार पर
10.	हो0गा0 गिरीश चन्द्र	पायलट	5566	सराहनीय कार्य के आधार पर

इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्री राज कमल,क्षेत्राधिकारी फायर श्री यदुनाथ यादव,प्रतिसार निरीक्षक श्री रामाशीष यादव, पीआरओ श्री प्रदीप पाल सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री पीयूषकान्त राय द्वारा पुलिस कार्यालय में ध्वजारोहण पुलिस कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को सम्बोधित किया गया तथा सभी को मिष्ठान वितरित किया गया। इसी महापर्व पर जनपद के समस्त थाना/चौकियों में थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया एवं सभी को मिष्ठान खिलाया गया।

(3). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री यामीन अहमद के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष रैपुरा श्री राम सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री हरिकेश राय व उनकी टीम द्वारा चोरी के अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

राजबिहारी पुत्र राम सिंह निवासी मगरहाई थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट उम्र करीब 21 वर्ष

बरामदगी-

2000/- रूपये मात्र

संक्षिप्त विवरण-

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 23.09.2025 को वादिया सूरिजकली पत्नी कुबेर सिंह निवासी मगरहाई थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट ने थाना रैपुरा पर सूचना दी कि रिस्तेदारी से दिनाँक 24.05.2025 को वापस आने पर देखा कि घर में घुसकर कुछ अज्ञात लोगों द्वारा आवेदिका के घर में रखी ज्वैलरी दो सोने के मंगलसूत्र,चांदी के पायल,11 चांदी की बिछिया, एक चांदी का कंगन तथा घरेलू उपयोग के लिए रखी 50 किलों सरसों अज्ञात लोगों द्वारा चोरी कर लिया गया। आवेदिका द्वारा जब गांव में जानकारी की गयी तो पता चला कि गांव के ही राजबिहारी पुत्र राम सिंह व रामसिंह पुत्र अज्ञात ने मिलकर घर में चोरी की है। उपर्युक्त सामाग्री को बेंच दिया है। आवेदिका द्वारा गांव में पंचायत करायी गयी तो उपर्युक्त व्यक्तियों द्वारा कुछ ज्वैलरी वापस कर दी गयी तथा शेष ज्वैलरी, 40 किलों सरसों व 40000/- रूपये देना शेष रह गया था। किन्तु समय बीत जाने के बावजूद उपर्युक्त व्यक्तियों द्वारा शेष ज्वैलरी, 40 किलों सरसों व 40000/- रूपये नही दिया। आवेदिका द्वारा जब शेष सामाग्री की मांग की गयी तो उपर्युक्त व्यक्तियों द्वारा आवेदिका के साथ गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी गयी। इस सूचना पर थाना रैपुरा में मु0अ0सं0 226/2025 धारा 305,352,351(3) बीएनएस बनाम राजबिहारी पुत्र राम सिंह व रामसिंह पुत्र अज्ञात निवासीगण मगरहाई थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट पंजीकृत किया गया था।

आज दिनाँक 15.08.2026 को उ0नि0 श्री हरिकेश राय एवं उनकी टीम द्वारा मुखविर की सूचना पर आरोपी को धान मोड़ तिराहा से पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूंछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो आरोपी ने अपना नाम राजबिहारी पुत्र रामसिंह निवासी मगरहाई थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट उम्र करीब 21 वर्ष बताया तथा जामा तलाशी से 2000/- रूपये बरामद हुआ। उपर्युक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपर्युक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-

1.उ0नि0 श्री हरिकेश राय

2.मुख्य आरक्षी अशोक कुमार